राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र०) −174033

Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhal.ac.in/. Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08

एक दिवसीय स्वच्छता अभियान

दिनांक16 सितंबर 2025

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में एक दिवसीय स्वच्छता अभियान का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना और समाज में स्वच्छ जीवनशैली को बढ़ावा देना था।कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह जी के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। उन्होंने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा, स्वच्छता न केवल हमारे व्यक्तिगत जीवन का अभिन्न अंग है, बल्कि यह एक स्वच्छ और स्वस्थ समाज की नींव भी है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह न केवल स्वयं स्वच्छ रहे, बल्कि अपने आस-पास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करे।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अमन शर्मा ने विद्यार्थियों को अलग-अलग समूहों में विभाजित किया। इन समूहों ने महाविद्यालय परिसर के अंदरूनी हिस्सों से लेकर बाहरी क्षेत्रों तक सफाई का कार्य किया। कक्षाओं, गलियारों, उद्यान तथा महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार के आसपास विशेष रूप से सफाई की गई।इस अभियान में कुल 108 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक वर्ग और गैर-शिक्षक कर्मचारीगण ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner



जुखाला कॉलेज में स्वयंसेवियों ने संवारा परिसर

बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय जुखाला में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने की।

इस दौरान स्वयंसेवियों ने कॉलेज परिसर में उगी झाड़ियों और घास की साफ सफाई की। इसके अलावा फूलों की क्यारियों को भी संवारा। इसके अलावा इकाई के पांच स्वंयसेवी प्री आरडी शिविर में भाग लेने के लिए बिलासपुर रवाना हुए। प्राचार्य ने स्वयंसेवियों को शुभकामनाएं दी और ऐसी गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। शिविर के अंत में सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। संवाद



सहायकाचार्य अमन शर्मा
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H

Scanned with OKEN Scanner